बच्चों को का

पाठ - 8 अनोखा उपहार

श्रुतलेखन :-

1) दुकान
2) हैरान
3) अनोखा
4) उपहार
5) सहेलियों
6) सावधानी
7) होशियार
8) फूलदान
9) शिक्षिका
10) स्वादिष्ट

शब्दार्थ :- बच्चे अपनी कार्यपुस्तिका में शब्द-अर्थ लिखेंगे।

Page No => 60

मौखिक प्रश्नोत्तर :-

क) विभा ने क्या देखा?

उत्तर => विभा ने आरुषि को खाली कुल्हड़ धोकर, कागज़ में लपेटकर घर ले जाते हुए देखा।

PAGE No.
DATE

ख) अध्यापिका जी ने आरुषि का उपहार क्यों खोला।

उत्तर⇒ अध्यापिका जी को आरुषि का उपहार और ग्रीटिंग कार्ड सबसे अनोखा दिख रहा था इसलिए उन्होंने आरुषि का उपहार खोला।

ग) अंत में विभा ने क्या निश्चय किया?

उत्तर⇒ अंत में विभा ने निश्चय किया कि वह भी किसी चीज़ को व्यर्थ नहीं फेंकेगी।

लिखित प्रश्नोत्तर :-

प्र०१. विभा आरुषि से क्या जानना चाहती थी?

उत्तर⇒ विभा आरुषि से खाली कुल्हड़ के बारे में जानना चाहती थी।

प्र०२. बच्चे कौन-सी योजना बना रहे थे?

उत्तर⇒ बच्चे शिक्षक-दिवस पर शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए अच्छे उपहार लाने की योजना बना रहे थे।

प्र०३. आरुषि ने अध्यापिका को क्या उपहार दिया?

उत्तर⇒ आरुषि ने अध्यापिका को हाथ से बनाया ग्रीटिंग कार्ड और सुंदर फूलदान का उपहार दिया।

प्र०४. आरुषि ने ग्रीटिंग कार्ड के फूल कैसे बनाए थे?

उत्तर⇒ आरुषि ने पेंसिल की छीलन को रंगकर ग्रीटिंग कार्ड के फूल बनाए थे।

Scanned with OKEN Scanner